
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

07 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा ही वह साधन है जो व्यक्ति और समाज दोनों को उन्नति के पथ पर ले जाती है।

**पंडित मदन मोहन मालवीय**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

07 जनवरी

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, पौष माह, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, मंगलवार 07 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"जिन ऊँचाइयों पर महान व्यक्ति पहुँचे और जहाँ उन्होंने अपने को स्थापित किया, किसी उड़ान द्वारा उपलब्ध नहीं हुई थी, बल्कि जब उनके साथी सो रहे होते थे, उस समय वे चढ़ने में कठिन श्रम कर रहे थे।"

– एच. डब्लु. लांगफेलो

"The heights by great man reached and kept, were not attained by sudden flight, but they, while their companions slept, were toiling upward in the night."

-H.W. Longfellow

## आज के दिन

1710– हेनरी मिल द्वारा टाइपराइटर का पेटेंट किया गया।

1851– प्रसिद्ध इतिहासकार, अंग्रजी साहित्यकार तथा अन्वेषक जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन का जन्म

1859– अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर (द्वितीय) के खिलाफ अंग्रेजी हुकूमत ने सिपाही विद्रोह में शामिल होने के आरोप में मुकदमा शुरू किया।

1930– फ्रैन्शियम (Fr) नामक तत्व, (अणु संख्या 87) की खोज मार्गेट पियरे ने की।

1. **निकोला टेस्ला का निधन**– निकोला टेस्ला अपने समय के मशहूर वैज्ञानिक थे। उनका जन्म 10 जुलाई, 1856 ई. को क्रोएशिया देश में हुआ। टेस्ला ने प्रत्यावर्ती धारा का अविष्कार किया। बिना तार के बिजली भेजने का फॉमूला अर्थात् वायरलेस कम्युनिकेशन (wi-fi), रिमोट कंट्रोल, रेडियो ट्रांसमीटर और **फ्लोरोसेन्ट लैम्प** का अविष्कार भी टेस्ला ने किया था। अमेरिका के नियाग्रा फॉल पर पहला हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्लांट भी उन्हीं की देन है। उन्होंने एडिसन के साथ भी काम किया। निकोला टेस्ला अपने प्रयोग का पूर्ण विवरण डायरी में नहीं लिखते थे। उन्हें अपने स्मरण शक्ति पर ज्यादा भरोसा था। अतः 7 जनवरी, 1943 ई. में उनकी मौत के बाद उनके अधूरे कार्य रहस्य बन कर रह गये।
    - **संदर्भः** बच्चों को **विज्ञान भाग 1 के पाठ 14** में एडीसन के कहानी के साथ अथवा **विज्ञान भाग 2 के पृष्ठ 142 फ्लोरोसेन्ट लैम्प** के संदर्भ में बतायें।

## दिवस प्रेरणा 7



### इरफान खान

( भारतीय अभिनेता )

**धनाभाव में क्रिकेट अकादमी में नामांकन नहीं हुआ ...**

**संघर्ष**

वे बचपन में क्रिकेट खेलने में काफी अच्छे थे। उनका सेलेक्शन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में हुआ था लेकिन धनाभाव के कारण वे भाग नहीं ले सके। उन्होंने नई दिल्ली में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में अभिनय में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इरफान खान अपनी एक्टिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुंबई चले गए और यहाँ आकर इन्होंने फिल्मों में काम खोजना शुरू किया। इरफान के करियर के शुरुआती दिन काफी संघर्ष भरे थे। इन्हें फिल्मों की जगह टी.वी सीरियल में छोटे मोटे रोल मिलते थे और इस तरह से इनके करियर की शुरुआत बतौर एक जूनियर एक्टर से हुई थी।

**सफलता**

उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों जैसे अंग्रेजी मिडियम, हिन्दी मिडियम, द लंच बॉक्स, मदारी, पीकू, बिल्लू बारबर, पान सिंह तोमर, मकबूल, पार्टीशन, के साथ–साथ हॉलीवुड फिल्मों जैसे स्लमडॉग मिलिनेयर, लाइफ ऑफ पाई, द अमेजिंग स्पाइडर मैन आदि में भी काम किया था। वर्ष 2011 में उन्हें भारत सरकार द्वारा 'पद्म श्री' से सम्मानित किया गया। 'पान सिंह तोमर' में अभिनय के लिए उन्हें वर्ष 2012 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया था। वर्ष 2017 में प्रदर्शित फिल्म 'हिंदी मिडियम' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुना गया था।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल. ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org




**जानकी देवी बजाज** *Janaki Devi Bajaj*, जन्म- 7 जनवरी, 1893; मृत्यु- 21 मई, 1979) गाँधीवादी जीवन शैली की कट्टर समर्थक थीं। उन्होंने कुटीर उद्योग के माध्यम से ग्रामीण विकास में काफी सहयोग किया। वह एक स्वावलंबी महिला थीं, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया था। उनके व्यक्तित्व में एक विरोधाभास-सा था। जानकी देवी बजाज जहाँ दानी, मित्तव्ययी और कठोर थीं, वहीं दूसरी ओर दयालु भी बहुत थीं। जानकी देवी बजाज के आजीवन किये गए कार्यों को सम्मानित करने के लिए भारत सरकार ने सन् 1956 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया था।

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

7 जनवरी

मधु प्रिया

## निकोला टेस्ला का निधन 7 जनवरी



साल के हर दिन की तरह सात जनवरी के भी अपने मायने हैं। विद्युत के आविष्कार के अलावा कई तरह की प्रौद्योगिकी की भविष्यवाणी करने वाले मशहूर अमेरिकी-सर्बियाई आविष्कारक निकोला टेस्ला ने 1943 में आज ही के दिन दुनिया को अलविदा कह दिया था। वायरलेस टेक्नॉलॉजी को लेकर अपने जुनून के चलते टेस्ला ने डेटा ट्रांसमिशन से जुड़े कई आविष्कार किए और इससे जुड़े कई सिद्धांतों को भी विकसित किया।निकोला टेस्ला का जन्म 10 जुलाई 1856 को स्किमडज़, क्रोएरिया में हुआ था, जब क्रोएशिया अस्ट्रो-हेटेली साम्राज्य का हिस्सा था। क्रोएशिया दुनिया में 18 वां सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल है, जो यूरोप का एक देश है। लेकिन जैसा कि हम सभी जानते हैं, आज 161 साल पहले, हमने दुनिया में ज्यादा प्रगति नहीं की थी और उस समय क्रोएरिया (स्मिल्ज़ान), जो निकोला टेस्ला का जन्मस्थान था, गरीब देशों में से एक था। निकोल टेस्ला रोमन कैथोलिक घर में पैदा हुआ था, वह अपने माता-पिता के चौथे बच्चे थे। उनके एक बड़े भाई, डेन, दो बड़ी बहनों, एंजिनिया और मिल्का और एक छोटी बहन, मारिका थी। उनके पिता एक सच्चे रूढ़िवादी चर्च में एक पादरी थे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 07.01.2025

## अपस्किलिंग शिक्षा

अपस्किलिंग शिक्षा का मतलब है कि अपने क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए नए कौशल सीखना या मौजूदा कौशल में सुधार करना. यह किसी व्यक्ति के पेशेवर और व्यक्तिगत विकास के लिए एक तरीका है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**रात में आसमान में कई बार उपग्रह चमकते हुए दिखाई देते हैं। ये चमक उनकी सोलर पैनल से परावर्तित होने वाली सूर्य की किरणों के कारण होती है। खासकर स्टारलिंक उपग्रह, चलते हुए तारों जैसे अद्भुत नजारे पेश करते हैं!**

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## लंबी कूद

लंबी कूद से जुड़ी कुछ मापें ये हैं:

- लंबी कूद के रनवे की लंबाई 45 मीटर और चौड़ाई 1.22 मीटर होती है.
- टेकऑफ़ बोर्ड लकड़ी का बना सफ़ेद आयताकार टुकड़ा होता है. इसकी लंबाई 1.22 मीटर, चौड़ाई 20 सेंटीमीटर, और गहराई 10 सेंटीमीटर होती है.
- लैंडिंग क्षेत्र सिलिकॉन रेत से भरा होता है. इसकी लंबाई 9 मीटर, चौड़ाई 2.75 मीटर, और गहराई कम से कम 30 सेंटीमीटर होती है.
- टेकऑफ़ बोर्ड के किनारे से लेकर रेत में बने गड्ढे तक की दूरी को मापा जाता है.
- लॉन्ग जम्पर को रनवे पर कदम रखने के बाद एक मिनट के अंदर पूरी छलांग पूरी करनी होती है.
- अगर कोई एथलीट टेकऑफ़ पैर के किसी भी हिस्से को गड्ढे के सबसे करीब स्थित टेकऑफ़ क्षेत्र के किनारे पर रखता है, तो इसे नो जंप माना जाता है.

लंबी कूद में विश्व रिकॉर्ड अमेरिका के माइक पॉवेल के नाम है. उन्होंने 1991 की विश्व चैंपियनशिप में 8.95 मीटर की छलांग लगाई थी.

## TOB बूझो तो जानें..

473

परिवार हरा, हम भी हरे, एक थैली में तीन - चार भरें .. बुझो तो जानें ?






www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 491

**जेनरेशन बीटा की शुरुआत कब से शुरू हैं ?**

A. 05 जनवरी 2025 से


B. 01 जनवरी 2024 से

C. 01 जनवरी 2025 से

D. 31 दिसम्बर 2024 से



www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भौतिक विज्ञानी,यांत्रिक अभियन्ता,विद्युत अभियन्ता और भविष्यवादी,आधुनिक प्रत्यावर्ती धारा विद्युत आपूर्ति प्रणाली के क्षेत्र में दिये गये अभूतपूर्व योगदान के लिए प्रसिद्ध
निकोला टेस्ला
की पुण्यतिथि पर नमन।
जन्म- 10 जुलाई 1856 -मृत्यु-7 जनवरी 1943
www.teachersofbihar.org
Madhu priya




महान स्वतंत्रता सेनानी

पद्म विभूषण

# जानकी देवी बजाज

की जयंती पर सादर नमन

7 जनवरी 1893 - 21 मई 1979

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari